प्रधानाचार्य ने पेश की कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल, प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ मरीजों का भी किया उपचार



बुन्देलखण्ड बुलेटिन
झाँसी।

महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार ने अपनी कार्यशैली से कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना की अनूठी मिसाल पेश की। एक ओर उन्होंने प्राचार्य के रूप में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया, तो दूसरी ओर चिकित्सक का दायित्व निभाते हुए मरीजों को समय पर उपचार भी प्रदान किया।

प्राचार्य ने यह साबित कर दिया कि पद की जिम्मेदारी केवल कार्यालय तक सीमित नहीं होती, बल्कि मरीजों की सेवा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रशासनिक कार्यों के बीच मरीजों के उपचार को प्राथमिकता देते हुए वे समयानुसार उनका हालचाल लेते और इलाज करते नजर आए। उनकी इस कार्यशैली से यह संदेश मिलता है कि एक अच्छा प्रशासक वही है, जो अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने चिकित्सकीय धर्म को भी पूरी निष्ठा से निभाए।

एक ही व्यक्तित्व में प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी और चिकित्सक का सेवाभाव नजर आया।